सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-602
04/12/2017

फिल्म स्टार शशि कपूर का निधन फिल्म जगत के लिये अपूरणीय क्षति है :– मुख्यमंत्री

पटना, 04 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने फिल्म स्टार शशि कपूर के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त करते हुये कहा कि उनके निधन से फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि 1970 एवं 1980 के दशक में वे फिल्म प्रेमियों के दिल पर छाये रहे। उनकी फिल्में– शर्मिली, कभी–कभी, सत्यम शिवम सुन्दरम, काला पत्थर, दीवार, त्रिशुल इत्यादि अत्यधिक लोकप्रिय हुयी थी। उन्होंने फिल्म अभिनय के साथ फिल्म निर्माता एवं निर्देशक के रूप में भी लोकप्रियता हासिल की थी। फिल्म जगत में उनके योगदान के लिये उन्हें 2011 में पद्म भूषण तथा 2015 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2014 से सम्मानित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******